**क्षति** | 6 गांवों के खेतों में भर गया था पानी, दो-तीन दिन बाद फिर से होगा नुकसान का आंकलन

# ड्रोन सर्वे पूरा, 20 किसानों के खेत प्रभावित

**सगड़ा-झपनी नहर फूटने का मामला**

**नवभारत, जबलपुर।** बरगी परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सगड़ा-झपनी के बीच से होकर दाईं ओर बहने वाली व रीवा तक जाने वाली प्रमुख नहर का मरम्मत कार्य जिला प्रशासन की देखरेख में शुरू हो गया है। दो तीन दिन मरम्मत कार्य पूरा होने की बात जिम्मेदारों द्वारा कही जा रही है। एसडीएम अभिषेक सिंह के मुताबिक भोपाल की एक टीम एक दो दिन में नहर का परीक्षण करने भी जबलपुर आएगी। जानकारी के अनुसार सगड़ा-झपनी, घाना, पिपरिया कला, रौंसरा, , बम्हनोदा, चारघाट कुल 6 गांवों के खेतों में नहर फूटने की वजह से पानी भर गया था। इन इलाकों में ड्रोन सर्वे पूरा करा लिया गया है। जिसमें सामने आया कि करीब 20 किसानों के खेत प्रभावित हुए हैं।

विदित हो कि गत दिवस सगड़ा-झपनी के बीच से होकर दाईं ओर बहने वाली व रीवा तक जाने वाली प्रमुख नहर अचानक फूट गई थी। जिसके बाद से आसपास के 6 गांवों के खेतों में पानी भर गया था। ऐसे में किसानों ने अपनी-अपनी फसल के नुकसान की आशंका जताते हुए जिला प्रशासन से मदद की गुहार भी लगाई थी। जानकारी के अनुसार नहर फूटते ही जिला प्रशासन ने बरगी बांध की दाईं तट नहर से पानी की निकासी पूर्णतः बंद करा दी थी।



**इनका कहना है**

जिला प्रशासन व कृषि विभाग की टीम सजग रूप से सक्रिय है। खेतों से पानी पूरा निकलने के बाद दो से तीन दिन के बाद एक बार फिर से सगड़ा झपनी व आसपास के कुल 6 गांवों के खेतों की फसलों का परीक्षण कराया जाएगा। क्योंकि कई बार अधिक पानी ऐसी फसलों के लिए लाभदायक साबित हो जाता है जिनमें पानी की कमी हो। आंकलन के बाद प्रभावित किसानों को फसल के नुकसान के प्रतिशत के हिसाब से राहत राशि दी जाएगी। सगड़ा-झपनी व आसपास के गांवों के खेतों से पानी धीरे-धीरे करके निकल रहा है।

**अभिषेक सिंह**
**एसडीएम**

# संघमित्रा एक्सप्रेस में बरसे पत्थर, बाल-बाल बचा पैंट्री स्टाफ

**लगातार बढ़ती जा रही ट्रेनों में पत्थरबाज़ी की घटनाएं**

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेल मंडल के श्रीधाम स्टेशन के आउटर में असामाजिक तत्वों द्वारा चलती ट्रेन पर पथराव करने की एक गंभीर घटना सामने आई है। दानापुर से बेंगलूरु की ओर जा रही 12296 संघमित्रा एक्सप्रेस जब श्रीधाम स्टेशन के आउटर से गुजर रही थी, तभी अचानक ट्रेन पर पत्थरों की बौछार शुरू हो गई। इस हमले में पेंट्रीकार की खिड़कियों के कांच पूरी तरह टूट गए। घटना के वक्त पेंट्रीकार के भीतर कर्मचारी भोजन तैयार कर रहे थे। अचानक हुए इस हमले से यात्रियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। गनीमत यह रही कि इस पथराव में किसी भी यात्री या रेल कर्मचारी को गंभीर चोट नहीं आई और सभी सुरक्षित हैं।



### घबरा गए कर्मचारी

घटना की जानकारी मिलते ही रेल कर्मचारियों और प्रशासन में हड़कंप मच गया। ट्रेन के अगले स्टेशन पर पहुंचते ही आरपीएफ और जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर पैंट्रीकार का निरीक्षण किया। टूटे कांच का पंचनामा बनाकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पैंट्रीकार स्टाफ के बयान भी दर्ज किए गए हैं। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि पत्थरबाजी करने वाले अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### खंगाले जा रहे सीसीटीवी कैमरे

बता दे कि रेलवे प्रशासन, रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की टीमों ने क्षतिग्रस्त पेंट्रीकार का बारीकी से निरीक्षण किया और पंचनामा तैयार किया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, अज्ञात आरोपियों की धरपकड़ के लिए संभावित घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। साथ ही, रेल ट्रैक के किनारे रहने वाले स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। रेलवे पुलिस का कहना है कि इस तरह की हरकत करने वाले दोषियों को जल्द ही चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**इनका कहना है**

ट्रेनों में पत्थर मारने वालो की पहचान कर सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। एसी घटनाएँ न सिर्फ़ रेलवे का नुक़सान करती है, बल्कि आमजनों की जान तक ले सकती है।

**संजीवनी राजपूत**
**थाना प्रभारी, जीआरपी**

# मेडिकल में मिला मृत नवजात शिशु

**अभिलेखों में नहीं लेखा-जोखा छानबीन में जुटी पुलिस**

**जबलपुर।** मेडिकल कॉलेज परिसर में लेबर रुम एवं जीआईसीयू के कारीडोर में कपडे में लिपट 1.6 किग्रा वजन का एक मृत नवजात शिशु के मिलने से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मेडिकल प्रशासन ने शिशु के लिए स्त्री एवं प्रसुती विभाग के सभी रजिस्टरों मे जांच की गई है लेकिन मेडिकल के अभिलेखों में इस वजन का कोई भी शिशु दर्ज नहीं था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मर्ग कायम कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।




पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मेडिकल वार्डब्वाय कृष्णकुमार बैगा पिता कुस्सू बैगा 38 वर्ष ने सूचना दी कि सुबह 8 बजे मेडिकल कॉलेज परिसर में लेबर रुम एवं जीआईसीयू के कारीडोर में कपडे में लिपटा हुआ 1.6 किग्रा बजन का अज्ञात मृत शिशु लड़का पाया गया है। शिशु की जानकारी जुटाने के लिए स्त्री एवं प्रसुती विभाग के सभी रजिस्टरों में जांच की गई है लेकिन मेडिकल के अभिलेखों में इस बजन का कोई भी ऐसा शिशु दर्ज नही होना पाया गया। टीआई प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि मर्ग कायम कर लिया गया है। बच्चा यहां कैसे और किन परिस्थितियों में पहुंचा इसे किसने यहां लाकर फेंका है समेत अन्य बिन्दुओं पर जांच चल रही है जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

### झपट्टा मारकर मोबाइल लूटा

**जबलपुर।** ओमती थाना अंतर्गत भंवरताल गार्डन के पास बाइक सवार लुटेरों ने एक महिला पर झपट्टा मारकर उसका मोबाइल लूट लिया। पुलिस के मुताबिक सोमवार को उडिया मोहल्ला निवासी शुभांगी यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे भंवरताल गार्डन के पास टेली कॉलिंग का काम करती है। दिन में लंच होने पर बहन सिमरन के साथ भंवरताल गार्डन चर्च तरफ जा रहे थे। मोबाइल हाथ में ली थी जैसे ही चर्च के सामने भंवरताल गार्डन के गेट नं. 3 के सामने पहुंची तो सामने से काले रंग की मोटर सायकिल में दो लड़के सवार होकर पास से तेजी से निकले जिनमे पीछे बैठे हुये लड़के ने हाथ से मोबाईल को झपट्टा मारकर छीन लिया और दोनों भाग गए।

# सब-स्टेशनों के विस्तार पर हुई चर्चा, जुटे दिग्गज

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर स्थित शक्ति भवन में हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (हडको) की एक उच्च स्तरीय समिति ने मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के मुख्यालय का दौरा किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के बिजली ट्रांसमिशन नेटवर्क के विस्तार और आगामी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहयोग की संभावनाओं को तलाशना था। हडको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ के नेतृत्व में आए दल ने ट्रांसको के शीर्ष अधिकारियों के साथ लंबी चर्चा की। बैठक के दौरान हडको से मिली मौजूदा वित्तीय सहायता के उपयोग और उससे जुड़ी प्रगति की समीक्षा की गई। चर्चा के मुख्य केंद्रों में प्रदेश के ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूत बनाना, नए सब-स्टेशनों का निर्माण और ट्रांसमिशन लाइनों का विस्तार शामिल रहा। इसके साथ ही, नवीकरणीय ऊर्जा को ग्रिड के साथ बेहतर तरीके से जोड़ने और भविष्य में राज्य की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने के लिए जरूरी संसाधनों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।



### नेटवर्क विस्तार पर चर्चा

प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने भविष्य की कार्ययोजनाओं को प्रस्तुत करते हुए कंपनी द्वारा अपनाए जा रहे टीबीसीबी मॉडल और ओपन एक्सेस व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग का लक्ष्य कम लागत में समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण परियोजनाओं को जमीन पर उतारना है। वित्तीय पक्ष रखते हुए मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल मेहरोत्रा ने वर्तमान आर्थिक स्थिति और आने वाले समय में होने वाली ऋण आवश्यकताओं का विवरण पेश किया। समिति के प्रमुख श्री कुलश्रेष्ठ ने एमपी ट्रांसको के तकनीकी और प्रबंधकीय कार्यों की सराहना की। उन्होंने आश्वस्त किया कि बिजली ट्रांसमिशन और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाओं के लिए हडको निरंतर वित्तीय सहयोग देता रहेगा। इस बैठक में दोनों संस्थानों के बीच तालमेल को और मजबूत करने पर सहमति बनी।

# कांग्रेस पार्षदों ने सड़क पर लगाई सदन

**पेयजल सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों पर की चर्चा**

**नवभारत, जबलपुर।** कांग्रेस पार्षद दल ने सोमवार को नौदरा ब्रिज चौराहे पर समानांतर सदन का आयोजन किया । जिसमें महापौर की भूमिका में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश सोनकर थे, अध्यक्ष की भूमिका में पार्षद संतोष दुबे , नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी, सचेतक अयोध्या तिवारी थे, वहीं आयुक्त की भूमिका राहुल गुप्ता द्वारा निभाई गई। इसके साथ ही एम.आई.सी. सदस्य के रूप में पूर्व पार्षद मदन लारिया, नारेन्द्र पांधे, कमलेश यादव, कांग्रेस नेत्री कीर्ति सिंग, पार्षद अनुपम जैन थे।




इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी एवं सचेतक अयोध्या तिवारी ने बताया है कि विगत 20 दिन पूर्व कांग्रेस पार्षद दल द्वारा इन्दौर के भागीरथपुरा की घटना को लेकर शहर के पेयजल की गुणवत्ता ,डोर-टू-डोर की समस्या , नर्मदा नदी में मिल रहे गंदे नाालों से मैला होता मां का आंचल जैसे ज्वलंत मुद्‌दों को लेकर कांग्रेस पार्षद दल ने समानांतर सदन लगाकर चर्चा की। नेता प्रतिपक्ष ने ये भी कहा कि धारा 30 की बैठक बुलाने की मांग को लेकर नगर निगम अध्यक्ष स्पष्टीकरण दें और ये बैठक बुलाने में नगर सत्ता क्यों बच रही है इसका जवाब दिया जाए। इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव म. प्र. सहप्रभारी चंदन यादव, शहर कांग्रेस के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, सेवादल अध्यक्ष सतीश तिवारी , पार्षद नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, प्रीति अमर रजक, रितु राजेश यादव, गुड्डू तामसेतवार, अदिति अतुल बाजपेई, गार्गी रामकुमार यादव, अरूणा संजय साहू, सतेन्द्र चौबे, प्रमोद पटेल, कलीम खान,, राकेश पाण्डे , लक्ष्मी लक्ष्मण गोंटिया, मुकीमा याकूब अंसारी, ताहिर अली सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

**कर्मचारियों की भी समस्या पर उठी आवाज**

कांग्रेस पार्षद दल द्वारा समानांतर सदन में चर्चा के दौरान निगम के कर्मचारियों के आश्रितों की अनुकम्पा नियुक्ति, कर्मचारियों को मिलने वाले अग्रिम चिकित्सा राशि में विलम्ब,कर्मचारियों को मिलने वाला क्षतिपूर्ति में विलम्ब और रिटायर कर्मचारियों को उनकी जमापूंजी प्राप्त न होने की समस्या पर भी चर्चा की गई

रेल्वे अस्पताल का मामला, जांच में जुटी पुलिस

# बाथरूम में मिली वार्डब्वॉय की लाश

**जबलपुर।** सिविल लाइन स्थित रेलवे अस्पताल में वार्डब्वाय की संदिग्ध मौत हो गई । बाथरूम में उसकी लाश मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन टीआई अनूप नामदेव ने बताया कि बाबू सिंह चौहान पिता राम सिंह चौहान 41 वर्षीय निवासी चेरीताल गुजराती कॉलोनी बल्देवबाग कोतवाली का सिविल लाइन रेल्वे अस्पताल में वार्ड ब्वाय के पद पर पदस्थ था। रोजाना की तरह सोमवार को वह डयूटी पर पहुंचा। दोपहर ढाई बजे लंच टाइम में जब वे बाथरूम गया तो बाहर नहीं निकला। काफी देर तब जब वे बाहर नहीं निकला तो संदेह पर कर्मचारी पहुंचे तो देखा कि बाबू गिरा पड़ा था नाक मुंह से खून निकल रहा था इसके बाद उसे रेल्वे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि चक्कर आने से वार्ड ब्वाय बाथरूम में गिर गया था जिसे उसकी मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का स्पष्ट कारण पता चल सकेगा जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। वहीं परिजनों ने हत्या की आशंका की है साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है ।



# कोहरे के साथ सुबह, दिन में धूप-बादलों की आंख मिचौली

**ठंडी हवाएं चली, गर्जन के साथ बारिश का अलर्ट**

**जबलपुर।** सक्रिय मौसम प्रणालियों के असर से मौसम का मिजाज बदल गया। सोमवार की सुबह कोहरे के साथ हुई। दिन चढ़ने के साथ मौसम का मिजाज बदला। बादलों ने डेरा डाल लिया। सूर्यदेव भी निकलने को बेताब हो गए। इसके बाद दिनभर सूरज और बादलों के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। वहीं मौसम विभाग ने गरज चमक के साथ बारिश की संभावना जाहिर की है।

मौसम विभाग की माने तो वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ, पंजाब और संलग्न हरियाणा के ऊपर माध्य समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊँचाई पर चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में अवस्थित है। अब पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा की ओर खिसक गई है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडलीय पछुआ हवाओं में ट्रफ के रूप में माध्य समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊंचाई पर विस्तृत है। पूर्वोत्तर भारत के ऊपर माध्य समुद्र तल से लगभग 12.6 किमी ऊँचाई पर 240 किमी घंटा की गति से उपोष्णपछुआ जेट स्ट्रीम प्रभावी है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ 5 फरवरी की रात से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है।

### ऐसा रहा तापमान

सोमवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री पर पहु च गया जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। सुबह के वक्त आद्रता 87 और शाम को 64 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तर-पूर्व हवाएं चार किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली।

### पब में पथराव, मची भगदड़, मैनेजर को धमकाया

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत आईएसबीटी स्थितडिकासा द पब में बदमाशों ने जमकर उपद्रव मचाया। पत्थरबाजी कर मैनेजर को धमकाया। अचानक हुए हमले से पब के भीतर कांच टूटने लगे, जिससे डांस फ्लोर पर मौजूद ग्राहकों में चीख-पुकार मच गई और भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि देर रात दीपेश उर्फ दीप तिवारी 33 वर्ष निवासी संचार नगर धार्मिक बंगला नम्बर 3 डिकासा द पब आईएसबीटी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह डिकासा द पब में मैनेजर का कार्य करता है। रात लगभग 11-30 बजे वह पब के रिशेप्शन काउण्टर पर था तभी अंकित उर्फ देवा सोनकर एवं अप्पू सोनकर दोनों निवासी भरतीपुर के आकर पब में अंदर में जाने लगे तो उसने कहा कि पब में जगह नही है इसी बात पर दोनों उससे विवाद करते हुये शराब पीने के लिये 2 हजार रूपये की मांग करने लगे, उसने पैसे देने से मना किया तो दोनों जान से मारने की धमकी देने लगे। पत्थरों से बिल्डिंग के कांच तोड़ दिए और धमकी देते हुये भाग गये। उसके पास सेठ सुखेन्द तिवारी का मोबाइल था जिस पर लगातार मोबाइल पर धमकी दिये।

# नरसिंहपुर के प्रेमी का शहर में हाईवोल्टेज ड्रामा

**प्रेमिका ने शादी करने से मना किया तो सरेराह पीटा, धमकाया, प्रकरण दर्ज**

**जबलपुर।** शहर में रहकर कॉलेज की पढ़ाई कर रही छात्रा के नरसिंहपुर निवासी प्रेमी ने शहर पहुंचकर जमकर हंगामा किया । मदन महल रेल्वे स्टेशन के बाहर प्रेमी शादी की बात पर अड़ गया और युवती से साथ चलने की जिद करने लगा जब छात्रा ने मना किया तो उसने हाईवोल्टेज ड्रामा करते हुए सरेराह युवती की पिटाई करते हुए उसे धमकाया और भाग निकला। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ग्राम रोसरा में रहने वाली युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे कॉलेज छात्रा और जबलपुर में रहकर बीए की पढ़ाई कर रही है। भाई के दोसत लवकुश झारिया निवासी करकबेल नरसिंहपुर को पिछले 5 वर्षो से जानती है। हम दोनो एक दूसरे को पसंद करते है। करीबन 3 वर्ष से प्रेम प्रसंग है। दोपहर एक बजे जब वे पैदल कॉलेज जा रही थी तभी लवकुश झारिया आया और रेल्वे स्टेशन मदनमहल के वाहन स्टैण्ड के पास ले गया और हंगामा करते हुए बोला कि मैं तुमसे शादी करना चाहता हूँ साथ चलो तो उसने मना करते हुए कहा कि अभी पढ़ाई पूरी करनी है। लवकुश गुस्से में आ गया और उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट की। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।



















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57